(iv) वह आपकी श्रद्धा करता है।

(v) वृक्षों पर पक्षी बैठा है।

(ङ) निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं **तीन** के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए : (3)

(i) आँख चुराना।

(ii) घोड़े बेचकर सोना।

(iii) उल्लू सीधा करना।

(iv) हाथ मलते रह जाना।

(v) आपे से बाहर होना।

6. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :

(क) हिंदी की मात्राएँ

अथवा

सर्वनाम के भेद (6)

(ख) भाषा और व्याकरण का अंतः सम्बंध

**अथवा**

कारक (6)



[This question paper contains 4 printed pages.]

Maitreyi College LIBRARY Chanakyapuri, New Delhi-110021

**Your Roll No..............**

Sr. No. of Question Paper : **6065** **G**

Unique Paper Code : 62057502

Name of the Paper : Hindi Bhasha Ka Vyavharik Vyakaran

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi**

Semester : V

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा की विशेषताएँ लिखिए। (12)

**अथवा**

ध्वनि का परिचय देते हुए स्वरों का वर्गीकरण कीजिए।

2. व्याकरण की परिभाषा देते हुए भाषा से उसके संबंध पर प्रकाश डालिए। (12)



munotes.in

अथवा

शब्द निर्माण से क्या तात्पर्य है? भाषा में नए शब्द-निर्माण के क्या आधार हो सकते हैं?

3. संज्ञा किसे कहते हैं? उसके भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

विराम चिह्न को स्पष्ट करते हुए उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

4. अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

ज्ञान विज्ञान की निस्सीम प्रगति के साथ पुस्तकालयों की सामाजिक उपयोगिता और अधिक बढ़ गई है। युग-युग की साधना से मनुष्य ने जो ज्ञान अर्जित किया है, वे पुस्तकों में संकलित होकर पुस्तकालयों में सुरक्षित है। वे जनसाधारण के लिए सुलभ होती हैं। पुस्तकालयों में अच्छे स्तर की पुस्तकें रखी जाती हैं; उसमें कुछ पुस्तकें अथवा ग्रंथमालाएँ इतनी महँगी होती हैं कि सर्वसाधारण के लिए उन्हें स्वयं ख़रीदकर पढ़ना संभव नहीं होता। यह बात संदर्भ ग्रंथों पर विशेष रूप से लागू होती है। बड़ी-बड़ी जिल्दों के शब्दकोशों और विश्वकोशों तथा इतिहास-पुरातत्व की बहुमूल्य पुस्तकों को एक साथ पढ़ने का सुअवसर पुस्तकालयों में ही संभव हो पाता है। इतना ही नहीं, असंख्य दुर्लभ और अलभ्य पांडुलिपियाँ भी हमें पुस्तकालयों में संरक्षित मिलती हैं। आज आवश्यकता है कि नगर-नगर में अच्छे और सम्पन्न पुस्तकालय खोले जाएँ जिससे देश की युवा प्रतिभाओं को पढ़ने के लाभ प्राप्त हों।



(क) गद्यांश में से तीन तत्सम शब्द छाँटकर लिखिए। (3)

(ख) किन्हीं **तीन** शब्दों के अर्थ लिखिए : (3)

अर्जित, संकलित, पुरातत्त्व, दुर्लभ, संरक्षित, निस्सीम

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (2)

(घ) प्रस्तुत गद्यांश का सारांश लिखिए। (4)

5. (क) किन्हीं **तीन** शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए। (3)

अधिक्य, पैत्रिक, चाँवल, बज़ार, वेष-भूषा, रीती।

(ख) बे, उप और पर उपसर्ग से बनने वाले तीन-तीन शब्द लिखिए। (3)

(ग) किन्हीं **चार** का विग्रह करके समास बताइए : (3)

यथासंभव, पंचतत्व, दाल-रोटी, चारपाई, मृगनयन, भरपेट

(घ) निम्नलिखित वाक्य में से किन्हीं **तीन** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :- (3)

(i) उसका प्राण निकल गया।

(ii) मैं उनका धन्यवाद देता हूँ।

(iii) उसे मरणोपरांत के बाद सम्मान मिला।